देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 17.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- बाहरी राज्यों के बच्चों को उत्तराखंड के मदरसों में लाए जाने का मामला संज्ञान में आने पर प्रदेश सरकार ने सभी मदरसों में सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक भवन परिसर में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास किया।
- चारधाम यात्रा के लिए हरिद्वार में ऑफलाइन पंजीकरण शुरू। पहले दिन श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।
- पुलिस महानिरीक्षक विम्मी सचदेवा रमन ने चारधाम यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

मदरसा जांच

बाहरी राज्यों के बच्चों को उत्तराखंड के मदरसों में लाए जाने का मामला संज्ञान में आने परप्रदेश सरकार ने देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिले के सभी मदरसों में सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि बच्चों की सुरक्षा, पारदर्शिता और नियमों का पालन, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव, डॉ. पराग मधुकर धकाते ने संबंधित जिलाधिकारियों को अपने–अपने जिलों में व्यापक सत्यापन अभियान चलाकर वास्तविक स्थिति से शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। शासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के आगमन के स्रोत, उनके अभिभावकों की सहमति और उन्हें लाने वाले व्यक्तियों के संबंध में गहन जांच की जाएगी। इस उद्देश्य से प्रदेश के सभी मदरसों में सघन निरीक्षण और सत्यापन अभियान चलाया जाएगा तथा विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। वहीं, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने भी इसका समर्थन किया है।

शिलान्यास

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक भवन परिसर में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास किया। इन भवनों में डिस्पेंसरी और कैफेटेरिया सहित विभिन्न आवश्यक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप किया जाएगा, जिससे स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भवनों के निर्माण से लोक भवन परिसर में विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी,

जिससे कार्यप्रणाली अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी बनेगी। उन्होंने कहा कि, इससे न केवल कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि आमजन को भी बेहतर और त्वरित सेवाएं मिलेंगी।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इन भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप किए जाने से न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह स्थानीय संसाधनों और कारीगरों को भी प्रोत्साहन देगा।

एलपीजी आपूर्ति निरीक्षण

पौड़ी जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति प्रणाली को पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए प्रशासन का औचक निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पूर्ति विभाग की टीमों ने कोटद्वार, पौड़ी, पाबौ और थलीसैंण में 31 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें गैस गोदाम और व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल रहे। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए इस तरह के निरीक्षण नियमित रूप से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

स्कूल नोटिस

नैनीताल जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविन्द राम जायसवाल ने जांच आख्या के आधार पर 11 विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। यह कार्रवाई हल्द्वानी के उप जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट के क्रम में की गई है। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग द्वारा पिछले कुछ समय से जिले में विद्यालयों के विरुद्ध पुस्तकों और कपड़ों आदि की खरीद अपनी पसंद की दुकानों से खरीदने का दबाव बनाने के आरोपों के बाद लगातार कार्रवाई की जा रही है।

ऑफलाइन पंजीकरण

आगामी रविवार से शुरू होने वाली चार धाम यात्रा के लिए आज से ऑफलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में बनाए गए ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर में आज पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित कई प्रदेशों से आए यात्रियों का हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने फूल–मालाओं के साथ स्वागत किया। प्रशासन के इस स्वागत से श्रद्धालु भी खासे उत्साहित दिखाई दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि ऑफलाइन पंजीकरण के लिए ऋषिकुल मैदान में 20 काउंटर लगाए गए हैं। साथ ही यात्रियों के लिए शौचालय और पेयजल सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 24 घंटे चलने वाले इन पंजीकरण केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान त्रिस्तरीय यातायात प्लान लागू किया जाएगा।

चारधाम निरीक्षण

चारधाम यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से नामित नोडल अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक विम्मी सचदेवा रमन ने हरिद्वार का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा के लिए तैयार किए गए समग्र रोडमैप की समीक्षा की और पार्किंग स्थलों, यात्रा पड़ावों तथा पंजीकरण केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। पुलिस महानिरीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि तैयार रोडमैप का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के बाद उन्होंने पार्किंग स्थलों, ठहरने के स्थान और पंजीकरण केंद्रों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने तथा आवश्यक सुधार शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए।

नगर निगम देहरादून

नगर निगम देहरादून में महापौर सौरभ थपलियाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य अनुभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में संचालित घर—घर कचरा संग्रहण व्यवस्था और रूट कवरेज में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने कचरा संग्रहण प्रणाली को और अधिक प्रभावी व व्यवस्थित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को अभी से रणनीतिक योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि देहरादून शहर स्वच्छता के मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। बैठक में महापौर ने आपसी समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।